भारत सरकार

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3070

बुधवार, दिनांक 11 मार्च, 2026 को उत्तर दिए जाने हेतु

तमिलनाडु में अल्ट्रा मेगा सौर ऊर्जा परियोजना

3070. श्री थरानिवेंथन एम. एस .:

क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) तमिलनाडु में सौर पार्क और अल्ट्रा मेगा सौर ऊर्जा परियोजना योजना के विकास की वर्तमान स्थिति क्या है और राज्य में अब तक कुल कितने सौर पार्क और अल्ट्रा मेगा सौर ऊर्जा परियोजनाएं विकसित की गई हैं;

(ख) क्या सरकार ने तमिलनाडु में योजना के कार्यान्वयन की समय-सीमा बढ़ा दी है और यदि हां, तो राज्य में इन सौर परियोजनाओं को पूरा करने की संशोधित समय-सीमा का ब्यौरा क्या है;

(ग) तमिलनाडु में सौर पार्क और अल्ट्रा-मेगा सौर ऊर्जा परियोजनाओं से कुल कितनी सौर ऊर्जा क्षमता उत्पन्न होने की उम्मीद है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में क्या प्रगति हुई है;

(घ) योजना की समय-सीमा बढ़ाने के प्राथमिक कारण क्या हैं और सरकार भूमि अधिग्रहण, पर्यावरणीय मंजूरी से संबंधित चुनौतियों से निपटने की क्या योजना बना रही है; और

(ङ.) यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं कि तमिलनाडु में सौर पार्कों का विकास स्थायी नौकरियों के सृजन का मार्ग प्रशस्त करे?

उत्तर

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री

(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) से (ड.) तमिलनाडु में "सौर पार्कों और अल्ट्रा-मेगा सौर विद्युत परियोजनाओं का विकास" के लिए योजना के अंतर्गत कोई सौर पार्क विकसित नहीं किया गया है ।

पूर्व में, तमिलनाडु में दो सौर पार्क स्वीकृत किए गए थे जिन्हें बाद में धीमी प्रगति के कारण रद्द कर दिया गया, जिसका मुख्य कारण भूमि अधिग्रहण में कठिनाई था ।

*****